**JK**

**Roll No.** ____________________________

**O.M.R. Serial No. :** | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
| --- |
| |

# M.A. II Semester (NEP) Examination, 2025-26

# Sanskrit

## वैदिक संस्कृत एवं पर्यावरण

| Question Booklet Series |
| --- |
| **D** |

| Paper Code | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| A | 0 | 2 | 0 | 8 | 0 | 8 | T |

**Time : 1 : 30 Hours ]** **[ Maximum Marks : 75**

***Instructions to the Examinee :***

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. **All** questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as – A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on the last page)***

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गये हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C तथा D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

***(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)***

**Rough Work**

रफ कार्य

1. प्राचीनतम ग्रन्थ है-

(A) ऋग्वेद

(B) सामवेद

(C) यजुर्वेद

(D) अथर्ववेद

2. वैदिक शब्दों का सविस्तार विवेचन कहाँ प्राप्त होता है?

(A) व्याकरण में

(B) कल्प में

(C) निरूक्त में

(D) शिक्षा में

3. वेद क्या हैं?

(A) अपौरूषेय वाक्य

(B) कर्मबोधक वाक्य

(C) ज्ञान मात्र किन्तु अकर्म प्रधान वाक्य

(D) अङ्ग प्रधान सम्बन्ध- बोधक वाक्य

4. अथर्ववेद से सम्बद्ध ब्राह्मण ग्रन्थ कौन-सा है?

(A) शतपथ ब्राह्मण

(B) गोपथ ब्राह्मण

(C) तैत्तिरीय ब्राह्मण

(D) ऐतरेय ब्राह्मण

5. वेदांग कितने हैं?

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) छः

6. संज्ञान सूक्त का सम्बन्ध इस वेद से है-

(A) ऋग्वेद

(B) यजुर्वेद

(C) अथर्ववेद

(D) सामवेद

7. यज्ञ के विषय में निम्नांकित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) यज्ञ का फल स्वार्थसिद्धि के लिये है

(B) यज्ञकर्म से देहशुद्धि, अहंकारशुद्धि और चित्तशुद्धि होती है

(C) यज्ञ जीव को कल्याण की ओर अग्रसर होने में सहायक है

(D) फलाकांक्षा से रहित योगस्थ कर्म ही यज्ञ है

8. निम्न में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(A) होता -ऋग्वेद

(B) अध्वर्यु-ब्राह्मण

(C) उद्गाता-साम

(D) ब्रह्मा-अथर्व

9. दशपूर्णमास याग करने का समय होता है-

(A) अमावस्या

(B) पूर्णिमा

(C) (A) और (B) दोनों

(D) न (A) और न (B)

10. वैदिक पृथिवी स्थानीय देवों में से सबसे महत्वपूर्ण है-

(A) अग्नि

(B) बृहस्पति

(C) इन्द्र

(D) सोम

11. 'उषा' शब्द किस धातु से निष्पन्न है?

(A) उषस्

(B) वस्

(C) ऋष्

(D) अद्

12. ऋग्वेद में किस देवता के लिये कहा गया है कि वह मनुष्यों के नैतिक आचरणों का द्रष्टा होने से उनकों पुण्य-कर्मो के लिय पुरस्कृत करता है और उनके पापों के लिये दण्डित करता है?

(A) इन्द्र

(B) पूषन्

(C) वरूण

(D) अग्नि

13. निम्नांकित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(A) 'ऋत्' के कारण ही सृष्टि की उत्पत्ति होती है

(B) सृष्टि के आदि में 'ऋत' ही सर्वप्रथम उत्पन्न हुआ

(C) ऋत् से अभिप्राय है- सत्य और अविनाशशील ब्रह्म

(D) इनमें से कोई नहीं

14. कौन-सा सिद्धान्त हमें वेद में प्राप्त होता है?

(A) बहुदेववाद

(B) एकेश्वरवाद

(C) सर्वेश्वरवाद

(D) उपर्युक्त सभी

15. ऋत्विजों की कुल संख्या है-

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) दो

16. निम्नांकित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) यज्ञ वैदिक संस्कृति का मेरूदण्ड है

(B) ब्राह्मण-ग्रन्थों में यज्ञ का विशद विवरण प्राप्त होता है

(C) वैदिक देवता प्राकृतिक शक्तियों के प्रतिनिधि हैं

(D) उपर्युक्त सभी

17. 'यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म' का सम्बन्ध किससे है?

(A) स्मृति ग्रन्थ

(B) ब्राह्मण ग्रन्थ

(C) वेदत्रयी

(D) श्रीमद्भवदगीता

18. यज्ञ में घृताहुति (घी) का वैज्ञानिक प्रभाव क्या माना जाता है?

(A) सूक्ष्म हानिकारक जीवों को विनष्ट करना

(B) ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाना

(C) कार्बन-उत्सर्जन में वृद्धि

(D) ताप में कमी

19. 'अग्निहोत्र' का संबंध किससे है?

(A) ऊर्जा की उत्पत्ति

(B) जल संरक्षण

(C) वायु शुद्धिकरण

(D) उक्त में से कोई नहीं

20. 'यज्ञ' पद में किस धातु का प्रयोग हुआ है?

(A) ज्ञा

(B) यज्

(C) यम्

(D) युज्

21. यज्ञीय धूम से पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है-

(A) ओजोन परत को हानि

(B) वायु को रोगाणुमुक्त एवं शुद्ध करना

(C) वायु-प्रदूषण में वृद्धि

(D) इनमें से कोई नहीं

22. भारतीय परंपरा में 'यज्ञ' को किस रूप में माना जाता है?

(A) धार्मिक अनुष्ठान मात्र

(B) मनोरंजन का साधन

(C) पर्यावरण-शोधक प्रक्रिया

(D) इनमें से कोई नहीं

23. वैदिक साहित्य के 'ऋत' का पर्यावरणीय अर्थ है-

(A) प्राकृतिक नियम

(B) पर्यावरणीय असंतुलन

(C) प्रकृति का शोषण

(D) प्राकृतिक विनाश

24. संस्कृत साहित्य में वृक्षों को संज्ञा दी गयी है

(A) मित्रवत्

(B) शत्रुवत्

(C) वित्तवत्

(D) देवतुल्य

25. 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' यह उक्ति किस वेद से है?

(A) ऋग्वेद

(B) यजुर्वेद

(C) अथर्ववेद

(D) सामवेद

26. जलवायु परिवर्तन

(A) केवल प्राकृतिक होता है

(B) मानव-जनित भी होता है

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उक्त में से कोई नहीं

27. जनसंख्या वृद्धि

(A) मानव-पर्यावरण का संतुलन बनाये रखती है

(B) संसाधनों पर दबाव डालती है

(C) संपूर्ण विकास में अत्यधिक सहायक है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. मानवीय गतिविधियों का पर्यावरण पर कितना प्रभाव पड़ता है?

(A) न्यूनतम

(B) बिल्कुल नहीं या शून्य

(C) अत्यधिक

(D) सदैव स्थिर

29. मानव-प्रकृति संबंध का स्वरूप रहता है-

(A) परस्पर विरोधी

(B) परस्पर निर्भर

(C) एक-दूसरे से असम्बद्ध

(D) सदैव स्थिर

30. 'पृथिवी तत्व का प्रमुख गुण है-

(A) स्थिरता

(B) तरलता

(C) ऊष्मा

(D) गति

31. 'वायु' तत्व का वैज्ञानिक स्वरूप है-

(A) ठोस

(B) द्रव

(C) गैस

(D) ऊर्जा

32. 'वात दोष' का संबंध निम्नलिखित में किससे हैं?

(A) पृथिवी + वायु

(B) वायु + आकाश

(C) जल और वायु

(D) अग्नि

33. 'अग्नि' तत्व का जैविक कार्य है-

(A) स्थिरता

(B) पाचन

(C) शीतलता

(D) संचय

34. पंचतत्व सिद्धान्त का उपयोग कहाँ होता है?

(A) पर्यावरण अध्ययन

(B) योग

(C) चिकित्सा

(D) उपर्युक्त सभी

35. पंचतत्व सिद्धान्त का संबंध किससे है?

(A) केवल धर्म

(B) दर्शन

(C) आयुर्वेद के मुख्य तत्व

(D) प्रकृति के मूल घटक

36. **कथनः** पर्यावरणीय अध्ययन का क्षेत्र बहुविषयक है।

**कारणः** इसमें केवल विज्ञान का उपयोग होता है

(A) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है

(B) दोनों सही है, परन्तु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता

(C) कथन सही है, कारण गलत है

(D) कारण सही है, कथन गलत है

37. निम्नांकित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(A) मिट्टी मानव-संस्कृति तथा सभ्यता का आधार है

(B) मिट्टी खाद्यान्नो के उत्पादन के लिये आधारभूत साधन है

(C) मिट्टी अक्षयशील प्राकृतिक संसाधन है

(D) मिट्टी भवन एवं सड़क-निर्माण हेतु अनिवार्य आधार है

38. मानव-पर्यावरण संतुलन का आधार है-

(A) संसाधनों का दोहन

(B) सतत विकास एवं संरक्षण

(C) दोनों में संघर्ष होना

(D) पर्यावरण का विनष्ट होना

**39.** **कथनः** अपघटक पारिस्थितिक तंत्र/ पर्यावरण के लिये आवश्यक है।

**कारणः** वे पोषक तत्वों का पुनर्चक्रण करते हैं।

(A) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है

(B) दोनों सही है, परन्तु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता

(C) कथन सही है, कारण असत्य है

(D) कारण सही है, कथन असत्य है

40. 'पृथ्वी' तत्व का प्रतिनिधित्व करता है-

(A) वायुमंडल

(B) ऊर्जामंडल

(C) स्थलमंडल

(D) जल मंडल

41. मृदा निर्माण का प्रमुख आधार है-

(A) वर्षा

(B) वायु

(C) अपक्षय

(D) ताप

42. निम्नांकित में से मानव -निर्मित पर्यावरण का उदाहरण है-

(A) वन

(B) नगर

(C) नदी

(D) वन

43. पर्यावरण के घटकों का वर्गीकरण प्रमुखता से किया जाता है-

(A) आकार के आधार पर

(B) जैविक एवं अजैविक

(C) स्थल के आधार पर

(D) बाह्य स्वरूप के आधार पर

44. पर्यावरण में मानव की भूमिका है-

(A) सक्रिय

(B) निष्क्रिय

(C) सक्रिय एवं परिवर्तन

(D) केवल उपभोक्ता

45. पर्यावरण तंत्र के जैविक संघटक हैं-

(A) पेड़ पौधे

(B) मानव तथा जीव-जन्तु

(C) सूक्ष्म जीव एवं विनोजक

(D) उपर्युक्त सभी

46. मानव पर्यावरण के बदलते सम्बन्धों का मूल कारण है -

(A) प्रौद्योगिकी मानव का होना

(B) मानव की सामाजिकता

(C) आर्थिक विकास

(D) पर्यावरण के घटक के रूप में भौतिक मनुष्य का होना

47. पर्यावरण के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(A) किसी भी राष्ट्र की राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिरता पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिक स्थिरता पर निर्भर करती है

(B) प्राकृतिक संसाधन प्रकृति प्रदत्त निःशुल्क उपहार हैं। इसलिये इनका प्रयोग जितना चाहे उतना कर सकते हैं।

(C) प्राकृतिक संसाधन सीमित है

(D) प्राकृतिक पर्यावरण तंत्र अन्तनिर्मित स्वतः नियंत्रक क्रियाविधि द्वारा नियंत्रित होता है

48. 'सतत विकास' के लिये क्या आवश्यक है?

(A) वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति और भविष्य की सुरक्षा

(B) औद्योगिक विकास पर पूर्ण प्रतिबन्ध

(C) पर्यावरण का अधिकतम दोहन

(D) केवल शहरीकरण

49. इनमें से जैवमंडल में क्या सम्मिलित है?

(A) केवल वायु

(B) केवल भूमि

(C) जीवों का सम्पूर्ण क्षेत्र

(D) केवल जल

50. 'पर्यावरण' शब्द का शब्दकोषीय अर्थ है-

(A) मानव और उसके आस-पास को प्रभावित करने वाली बाह्य दशाएं

(B) जन्तुओं के जीवन यापन की दशाएं

(C) पेड़-पौधों की वृद्धि को प्रभावित करने वाली दशाएं

(D) उपर्युक्त सभी

51. ईशावास्योपनिषद् का प्रमुख संदेश क्या है?

(A) अत्यधिक उपभोगवाद

(B) त्याग की भावना मात्र

(C) त्यागभाव एवं संतुलित मध्यम मार्ग दोनों

(D) उक्त में से कोई नहीं

52. प्रकृति और पुरूष का संतुलन किस दर्शन में वर्णित है?

(A) न्याय

(B) सांख्य

(C) वेदान्त

(D) जैन

53. पंचतत्वों व ज्ञानेन्द्रियों का कौन युग्म गलत है?

(A) वायु - त्वचा

(B) जल - रसना

(C) आकाश - कान

(D) पृथ्वी - आँख

54. निम्न में कौन समीकृत नहीं है-

(A) क्षिति -ठोस

(B) पावक -ऊर्जा

(C) गगन- आकाश

(D) समीर- जल

55. निम्न में कौन सा तत्व सबमें व्याप्त है?

(A) वायु

(B) अग्नि

(C) आकाश

(D) जल

56. संस्कृत साहित्य में प्रकृति एवं पर्यावरण का वर्णन निम्न ग्रंथों में प्राप्त होता है-

(A) ऋग्वेद एवं समस्त वैदिक साहित्य

(B) रामायण एवं महाभारत

(C) लौकिक संस्कृत साहित्य

(D) उपर्युक्त सभी

57. संस्कृत भाषा के अनुसार 'पर्यावरण' शब्द किस दो शब्दों के मेल से बना है?

(A) परि + आवरण

(B) पर्य+ आवरण

(C) पर + आवरण

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

58. 'अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः।।' यह पंक्ति किस प्रसिद्ध ग्रन्थ से उद् धृत है?

(A) रामायण

(B) रघुवंशम्

(C) श्रीमद्भगवद्गीता

(D) श्रीमद्भागवत् पुराण

59. महाकवि कालिदास प्रकृति के कवि हैं, तथापि किस ग्रंथ में उन्होंने प्रकृति का अत्यन्त विशद वर्णन किया है?

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(B) मेघदूतम्

(C) रघुवंशम्

(D) कुमारसंभवम्

60. वनों का संरक्षण किस आश्रम से विशेष रूप से जुड़ा है?

(A) ब्रह्मचर्य

(B) गृहस्थ

(C) वानप्रस्थ

(D) इनमें से कोई नहीं

61. महाभारत के रचयिता थे-

(A) महर्षि वाल्मीकि

(B) महर्षि वेदव्यास

(C) भगवान गणेश

(D) देवर्षि नारद

62. महाभारत में कुल कितने पर्व हैं?

(A) 16

(B) 18

(C) 20

(D) 22

63. रामायण के श्लोक किस प्रकार के छन्दों में लिखे गये हैं?

(A) अनुष्टुप

(B) वसन्ततिलका

(C) मन्दाक्रान्ता

(D) मालिनी

64. किस काण्ड के लिए यह कहा जाता है कि यह रामायण में बाद में जोड़ा गया-

(A) बालकाण्ड

(B) अरण्यकाण्ड

(C) सुन्दरकाण्ड

(D) उत्तरकाण्ड

65. वाल्मीकीय रामायण 'श्री राम' के इतिहास को जानने का प्रामाणिक ग्रन्थ है, क्योंकि -

(A) रामायण संस्कृत में लिखी है

(B) महर्षि वाल्मीकि, श्रीराम जी के समकालीन थे

(C) यह सबसे पुरानी रामायण है

(D) इसे गणेश जी ने लिखा है

66. 'संन्यास आश्रम' ग्रहण करने का विधान है-

(A) केवल ब्राह्मण को

(B) केवल क्षत्रिय को

(C) ब्राह्मण व क्षत्रिय दोनों को

(D) किसी भी वर्ण के व्यक्ति को

67. संस्कार का अर्थ है-

(A) गुणों का आधान करना

(B) दोषों को दूर करना

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

68. उपनयन संस्कार, किन दो के मिलन का संस्कार है-

(A) पिता-पुत्र के

(B) गुरू-शिष्य के

(C) पति-पत्नी के

(D) माँ-बेटी के

69. समावर्तन संस्कार की तुल्यता है-

(A) दीक्षान्त समारोह से

(B) गृह-प्रवेश से

(C) व्यवसाय आरंभ से

(D) गुरूकुल प्रवेश से

70. युगल संस्कारों के रूप में जाने जाते हैं-

(A) पुंसवन- सीमन्तोन्नयन

(B) जातकर्म-नामकरण

(C) उपनयन-वेदारंभ

(D) वानप्रस्थ-संन्यास

71. जन्म के पूर्व कितने संस्कार हो जाते हैं?

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

72. ''चूड़ाकर्म संस्कार'' का लोक-प्रसिद्ध नाम है-

(A) मुण्डन

(B) पसनी

(C) चूड़ा-चढ़ाना

(D) कन छेदन

73. द्विजत्व की प्राप्ति के लिए कौन सा संस्कार आवश्यक है?

(A) जातकर्म

(B) उपनयन

(C) निष्क्रमण

(D) विवाह

74. संस्कारों की शृंखला में जन्म के बाद पहला संस्कार कौन सा है?

(A) पुंसवन

(B) सीमन्तोन्नयन

(C) जातकर्म

(D) नामकरण

75. महर्षि दयानन्द सरस्वतीकृत ''संस्कार विधि'' में कितने संस्कारों को करने की विधि लिखी है-

(A) 12

(B) 16

(C) 20

(D) 24

76. किस आश्रम को धर्म, अर्थ व काम का साधक माना गया है?

(A) ब्रह्मचर्य

(B) गृहस्थ

(C) वानप्रस्थ

(D) संन्यास

77. पुरूषार्थ चतुष्टय में धर्म का क्या स्थान है?

(A) अन्य पुरूषार्थो का आधार है

(B) इसके बिना अन्य पुरुषार्थ पूर्ण करना संभव नहीं है

(C) धर्म, काम और अर्थ का विरोध करता है

(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

78. मोक्ष का क्या अर्थ है?

(A) बन्धन से मुक्ति

(B) जन्म-मरण के चक्र से छूट जाना

(C) दुः खों से मुक्त हो जाना

(D) उपर्युक्त सभी

79. पुरूषार्थ चतुष्टय में जीवन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है-

(A) धर्म पालन

(B) अर्थोपार्जन

(C) कामनाओं की पूर्ति

(D) मोक्ष की प्राप्ति

80. पुरूषार्थ चतुष्टय में प्रगणित नहीं है-

(A) धर्म

(B) दक्षिणा

(C) मोक्ष

(D) अर्थ

81. पंच महायज्ञ किसके लिए अनिवार्य है?

(A) ब्रह्मचारी के लिए

(B) गृहस्थी के लिए

(C) वानप्रस्थी के लिए

(D) संन्यासी के लिए

82. संन्यास आश्रम के लिए सर्वथा उपयुक्त है?

(A) वसुधैव कुटुम्बकम् का भाव रखना

(B) नित्य यज्ञ करना

(C) अखण्ड यज्ञोपवीत धारण करना

(D) जटाएं बढ़ाना

83. सामाजिक कर्त्तव्यों की पूर्णता किस आश्रम का प्रमुख लक्ष्य है?

(A) ब्रह्मचर्य आश्रम

(B) गृहस्थ आश्रम

(C) वानप्रस्थ आश्रम

(D) संन्यास आश्रम

84. ब्रह्मचर्य आश्रम में प्राप्तव्य लक्ष्य क्या है?

(A) वेदों का अनुशीलन

(B) वीर्य रक्षा

(C) शारीरिक उन्नति

(D) उपर्युक्त सभी

85. किस आश्रम को स्वर्गलोक की संज्ञा दी गयी है-

(A) ब्रह्मचर्य

(B) गृहस्थ

(C) वानप्रस्थ

(D) संन्यास

86. वेद के अनुसार वह वर्ण जिस पर समाज आश्रित है?

(A) ब्राह्मण

(B) क्षत्रिय

(C) वैश्व

(D) शूद्र

87. वैश्व वर्ण शरीर के किस अंग की तुल्यता रखता है-

(A) शिर

(B) बाहु

(C) उरू

(D) पद

88. वर्ण व्यवस्था का वैदिक कालीन स्वरूप आधारित था-

(A) गुण -कर्म-स्वभाव पर

(B) जन्म पर

(C) गुरू की इच्छा पर

(D) राजा के निर्णय पर

89. वर्ण व्यवस्था का आरंभिक वर्णन मिलता है-

(A) नासदीय सूक्त में

(B) पृथिवी सूक्त में

(C) पुरूष सूक्त में

(D) हिरण्यगर्भ सूक्त में

90. वर्ण व्यवस्था की समाज में क्या उपयोगिता थी?

(A) हर व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार समाज में स्थान प्राप्त

(B) हर व्यक्ति के कर्तव्य निर्धारित हों

(C) सभी समाज निर्माण में सहभागी हो

(D) उपर्युक्त सभी

91. 'गो' का वैदिक समाज में क्या महत्व था?

(A) संपत्ति का प्रतीक

(B) युद्ध-सूचक

(C) शिक्षा

(D) व्यापार

92. सामवेद का मुख्य स्वरूप है-

(A) गद्य

(B) पद्य

(C) संवाद

(D) गेय मन्त्र

93. उपनिषदों का प्रतिपाद्य विषय है-

(A) दार्शनिक विचार

(B) संगीत

(C) चिकित्सा

(D) यज्ञ-विधि

94. 'अग्नि' को वैदिक संस्कृति में क्या माना गया है?

(A) देवताओं का राजा

(B) जल का देवता

(C) यज्ञ का वाहक देवता

(D) वायु देवता

95. वैदिक काल में 'सभा' और 'समिति' क्या थीं?

(A) शिक्षा संस्थान

(B) व्यापारिक संगठन

(C) धार्मिक संगठन

(D) राजनीतिक संस्थाएं

96. सांस्कृतिक विभिन्नीकरण के संदर्भ में निम्न में से क्या सत्य है?

(A) एक ही वेश में पायी जाने वाली भिन्न-भिन्न संस्कृतियों का प्रदर्शन

(B) वैश्वीकरण के प्रभाव से अलग और विशिष्ट संस्कृति का उभरना, जैसे-हिंग्लश कल्चर

(C) अलग-अलग संस्कृतियों का विभेदन

(D) सांस्कृतिक विभिन्नता में एकता का प्रयास

97. निम्नांकित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(A) सभ्यता में परिवर्तन संस्कृति की अपेक्षा अधिक कठिन है

(B) सभ्यता अमूर्त है, किन्तु संस्कृति मूर्त है

(C) सभ्यता आन्तरिक है, जबकि संस्कृति बाह्य है

(D) सभ्यता साधन है और संस्कृति साध्य है

98. भारतीय संस्कृति की निम्नांकित विशेषताओं में कौन सी सही नहीं है?

(A) निरंतरता

(B) आधुनिकता

(C) आध्यात्मिकता एवं भौतिकता का समन्वय

(D) सहिष्णुता व ग्रहणशीलता

99. संस्कृति के विषय में कौन-सा कथन सही नहीं है-

(A) संस्कृति विस्तृत सभ्यता की परिणति है

(B) संस्कृति को मापा या तौला नहीं जा सकता

(C) संस्कृति का निर्माण एवं विस्तार तीव्र गति से होता है

(D) संस्कृति साध्य होती है

100. प्राकृतिक आधार पर देवताओं की कुल संख्या है-

(A) 34

(B) 35

(C) 33

(D) 31

**Rough Work**

रफ कार्य

***Example :***

**Question :**

**Q. 1** (A) ● (C) (D)

**Q. 2** (A) (B) ● (D)

**Q. 3** (A) ● (C) (D)

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.
6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.
7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.
8. After the completion of the examination candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.
9. There will be no negative marking.
10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.
11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.
12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question booklet, then after showing it to the invigilator, get another question booklet of the same series.**

***उदाहरण :***

**प्रश्न :**

**प्रश्न 1** (A) ● (C) (D)

**प्रश्न 2** (A) (B) ● (D)

**प्रश्न 3** (A) ● (C) (D)

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
6. सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
7. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।
9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।
10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।
11. परीक्षा कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।
12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।**